दिनांकः 17.04.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- लोकसभा में आज 131 वें संविधान संशोधन विधेयक, सहित 3 विधेयकों पर चर्चा जारी–सदन में आज ही विधेयकों पर मतदान होगा।
- प्रदेश में जनगणना के पहले चरण में 16 मई से मकान सूचीकरण शुरू होगा– स्वगणना 01 मई से 15 मई तक होगी।
- राज्य में अप्रैल के महीने में ही भीषण गर्मी का दौर–चूरू में दिन का पारा 43 डिग्री पर पहुंचा।

और

- जयपुर मे आज से राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला शुरू–मेले में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के उत्पादों की स्टॉल्स लगायी गयी है।

000

लोकसभा में आज 131 वां संविधान संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा जारी है। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना और परिसीमन करना है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक नहीं है और इसका महिला सशक्तिकरण से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इन विधेयकों को संसद में लाकर चुनावी मानचित्र बदलने का प्रयास किया जा रहा है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महिलाएं न केवल देश के विकास में भागीदार हैं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विधेयक को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह समावेशी शासन और महिला नेतृत्व वाले विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश भर की लाखों महिलाओं की दशकों पुरानी आकांक्षाओं को पूरा करता है। गौरतलब है कि इन तीनों विधेयकों पर आज सदन में मतदान होना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि देश की लाखों महिलाओं की निगाहें संसद, उसके इरादों और उसके फैसलों पर टिकी हैं।

**000**

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर प्रदेश में महिलाओं की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। पाली के तखतगढ़ की लक्ष्मी सीरवी ने उम्मीद जतायी कि ये अधिनियम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा।

-----------------

**000**

प्रदेश में जनगणना के पहले चरण में 16 मई से मकान सूंचीकरण शुरू होगा। 14 जून तक चलने वाले इस चरण में जनगणना में लगे कार्मिक सभी मकानों, तथा परिवारों की पहचान कर उनका व्यवस्थित सूचीकरण करेंगे। साथ ही मकान की स्थिति परिवार में उपलब्ध सुविधाएं तथा परिवार की परिसंपतियों की बारे में जानकारी जुटाई जायेगी।

जनगणना निदेशक बिष्णु चरण मलिक ने आज जयपुर में प्रेस वार्ता में बताया कि कुल 1 लाख 60 हजार प्रगणक और पर्यवेक्षक डेटा संग्रहित करेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने पहली बार स्वगणना की सुविधा भी उपलब्ध करायी है। इसके तहत 1 मई से 15 मई तक नागरिक खुद ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी भर सकेंगे। श्री मलिक ने नागरिकों से जनगणना और स्वगणना के नाम पर होने वाले साइबर फ्रॉड से बचने की अपील भी की।

--------------

**000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 अप्रैल को प्रस्तावित पचपदरा रिफाइनरी शुभारंभ कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बालोतरा जिला प्रभारी और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत रिफाइनरी कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों निर्देष दिये। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को कहा। उधर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि पचपदरा रिफाईनरी प्रदेश के औधोगिक विकास के लिए एक मजबूत कड़ी साबित होगी। वे आज जोधपुर में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बलोतरा में इस रिफाईनरी का उदघाटन करेंगे। इससे स्थानीय रोजगार बढेगा और राज्य के आर्थिक विकास को मज़बूती मिलेगी।

------------------

**000**

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। नई दिल्ली में आज अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और देशभर के वितरक केंद्रों पर कहीं भी आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं है।

------------------

इस बीच राज्य में घरेलू गैस की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए खान और पेट्रोलियम विभाग की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने आज आपूर्ति व्यवस्थाओं को लेकर राज्य की विभिन्न शहरी गैस वितरण संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने संस्थाओं को अभियान चलाकर अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को पाईप लाईन वाली घरेलू गैस सुविधा लेने के लिए जागरूक करने को कहा। श्रीमती अरोड़ा ने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार पीएनजी सुविधाओं के विस्तार और एलपीजी से डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने पर ज़ोर दे रही है। बीते 15 दिनों में 6 हजार से अधिक परिवारों को नए डीपीएनजी कनेक्शन जारी किये गए हैं वहीं अगले 15 दिनों में करीब साढे आठ हजार परिवारों को इस सेवा से जोड़ा जाएगा। श्रीमती अरोरा ने जिला कलक्टरों से गैस वितरण संस्थाओं के साथ तुरंत बैठक कर, आधारभूत संरचना का विकास करने के निर्देश दिये।

000

प्रदेष में कई इलाके भीषण गर्मी की चपेट में है। अप्रैल महिने में ही कई जिलों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा जा रहा है। दिन के साथ रात में भी तापमान बढने लगा है। आज चूरू में अधिकतम तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान में भी बढोतरी हुई है। इस बीच आज झुन्झुनू, श्रीगांगानगर, सीकर, अलवर, कोटपूतली समेत कई ज़िलों में दोपहर बाद आंधी चलने ओर कहीं-कहीं हल्कि बारिष होने के समाचार है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले तीन-चार दिन मौसम साफ रहने तथा तापमान में बढोतरी होने की संभावना जतायी है।

000

प्रदेश मे अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा पर होने वाले संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए कई प्रयास किये जा रहे है। विभिन्न गतितिविधियों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में समझाया जा रहा है। साथ ही ज़िला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाये गये है, जहां लोग बाल विवाह की सूचना दे सकते है। पाली के बाल विवाह कंट्रोल रूम प्रभारी बालचंद चौहान ने लोगों से अपील की वे बाल विवाह रोकने में प्रशासन का सहयोग करे।

-------------------

**000**

जयपुर में आज से राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला लगाया जा रहा है। ये मेला सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ-कॉन्फेड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। जवाहर कला केन्द्र में लग रहे इस मेले में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों की सहकारी संस्थाओं के मसालों और अन्य उत्पादों की बिक्री की जायेगी। मेले में इस बार डेढ सौ स्टॉल्स लगायी गयी

है। जिनमें केरल की कालीमिर्च, लौंग, तमिलनाडु की हल्दी और दालचीनी तथा आंधप्रदेश की लालमिर्च और कश्मीर के मेवे तथा केसर और मध्यप्रदेश का सिहोरी गेहूं मिलेगा। इसके अलावा राजस्थान के मथानिया की लालमिर्च रामगंज मंडी और बारां का धनिया, नागौर का जीरा और कसूरी मेथी, सिरोही की सौंफ, प्रतापगढ की हींग, चित्तौडगढ की अजवाईन और पुष्कर का गुलकन्द सहित कई तरह के खाद्य पदार्थ मेले के मुख्य आकर्षण रहेंगे।

000

वर्ष 2026 की हज यात्रा कल से शुरू हो रही है। जायरीन का पहला जत्था देश भर के विभिन्न स्थानों से सऊदी अरब के लिए रवाना होगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया कि एक लाख 75 हजार से अधिक जायरीन के भारत से हज यात्रा में शामिल होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने जायरीन के लिए सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए इस वर्ष कई नई पहल की हैं। जायरीन के लिए पहली बार लगभग 20 दिन के छोटे हज का विकल्प भी शुरू किया गया है।

**000**